**छत्तीसगढ़ शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**
**(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर**
**usecy-gad13.cg@gov.in**
**--00--**

क्रमांक GENS-2001/65/2025-GAD-13 नवा रायपुर, दिनांक 08-09-2025

**प्रति,**

अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/
सचिव/विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार)
छत्तीसगढ़ शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

**विषयः-** सामान्य प्रशासन विभाग की आर.टी.आई पोर्टल में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का स्व-पंजीयन करते हुए आयोग के नोटिस तामिली हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति बाबत्।

**संदर्भः-** इस विभाग का पत्र क्रमांक एफ 7-1/2021/1-13 पत्र दिनांक 29.01.2022 एवं स्मरण पत्र दिनांक 02.02.2022, 07.03.2022, 13.04.2022, 08.06.2022, 03.08.2022, 17.10.2022, 21.11.2022, 29.03.2023, 23.05.2023, 23.08.2023, 08.11.2023 एवं मुख्य सचिव कार्यालय का पत्र क्रमांक 678/मु.स./2023 ,08.12.2023, 25.10.2024, 19.03.2025 एवं दिनांक 29.05.2025

--00--

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों का कृपया अवलोकन करें। सामान्य प्रशासन विभाग के आरटीआई पोर्टल में प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में आपके विभाग एवं अधीनस्थ कार्यालयों एवं मैदानी क्षेत्र के कार्यालयों में पदनामित जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी का आर.टी.आई पोर्टल URL - https://rtionline.cg.gov.in पर सभी संबंधितों के द्वारा दिनांक 26.12.2023 तक स्व-पंजीयन किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये है तथा कार्यवाही अपेक्षित होने पर समय-समय में बार-बार स्मरण पत्र भी जारी किया गया है, किन्तु कुछ विभागों/कार्यालयों की कार्यवाही आज दिनांक तक अपेक्षित है।

2/ साथ ही समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष/संचालनालय स्तर, संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों को पदनामित करने के संबंध में नोडल अधिकारियों की सूची नाम, पदनाम, कार्यालय का पता, विभाग, मोबाईल नंबर सहित छ0ग0 राज्य सूचना आयोग को प्रेषित करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का लेख किया गया था।

.........................2

3/ छ0ग0 राज्य सूचना आयोग में अधिकांश प्रकरणों में जनसूचना अधिकारी के उपस्थित न होने के कारण एवं उनका जवाब अप्राप्त होने से आगामी सुनवाई की तिथि देनी पड़ती है। **अतः कृपया आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त के संबंध में एक माह की समय-सीमा के भीतर संचालनालय स्तर, संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर विभागवार नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में छ0ग0 राज्य सूचना आयोग को प्रेषित करने हेतु संबंधितों को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।**

Digitally signed by
ANJU SINGH
Date: 08-09-2025
17:07:22

अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग,

पृ.क्रमांक GENS-2001/65/2025-GAD-13 नवा रायपुर, दिनांक 08-09-2025
प्रतिलिपि:-

1. सचिव, छ.ग. राज्य सूचना आयोग, सेक्टर-19, नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर अटल नगर।
2. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर।
3. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

अवर सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

# प्रपत्र

## संचालनालय स्तर/संभाग स्तर/जिला स्तर

विभाग का नाम..........................................

| स. क्र. | अधिकारी का नाम | पदनाम | कार्यालय का नाम | मोबाईल नंबर | ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर